आडिट प्रस्तर/समयबद्ध

संख्या-143/1260/84-1-13-1203(आ0प्र0)/2013

प्रेषक

नेक पाल वर्मा
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

1-नियंत्रक
विधिक माप विज्ञान विभाग
उ0प्र0 लखनऊ।

3-अधिशासी निदेशक
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम
जवाहर भवन लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 24 दिसम्बर 2013

विषय- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की वर्ष 2012-13 की रिपोर्ट(राज्य के वित्त) में सम्मिलित करने हेतु अध्याय-2 तथा अध्याय-3 में विभाग से संबंधित आडिट आपत्तियों पर टिप्पणी उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-100/1203/84-1-2013 दिनॉक 18 नवम्बर 2013 एवं समसंख्यक पत्र दिनॉक 04 दिसम्बर 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की वर्ष 2012-13 की रिपोर्ट (राज्य के वित्त) में सम्मिलित करने हेतु अध्याय-2 तथा अध्याय-3 में विभाग से संबंधित आडिट आपत्तियों पर टिप्पणी समयबद्व रूप से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था जो अभी तक शासन में अप्राप्त है। अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में व्यक्तिगत ध्यान देकर अध्याय-2 तथा अध्याय-3 में विभागीय आडिट प्रस्तरों पर वांछित व्याख्यात्मक टिप्पणी सी0 डी0 सहित शासन को प्रत्येक दशा में **दो दिवस के अन्दर** निश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। कृपया अध्याय दो-पृष्ठ-5 पुन: संशोधित संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(नेक पाल वर्मा)
संयुक्त सचिव।

संख्या तथा दिनॉक उपरोक्त

प्रतिलिपि निबन्धक राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उ0प्र0 लखनऊ एवं अधिशासी निदेशक उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था को अध्याय-2 पृष्ठ-5 की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया तद्नुसार संशोधित आख्या शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से

(नेक पाल वर्मा)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in